भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 396

जिसका उत्तर ०4 फरवरी, 2021 को दिया जाना है।

15 माघ, 1942 (शक)

आरोग्य सेतु ऐप के मूल विकासकों के संबंध में जानकारी

396. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मंत्रालय के पास आरोग्य सेतु ऐप को निर्मित एवं विकसित करने वाले योगदान कर्ताओं के बारे में कोई जानकारी हैं;

(ख) यदि हां, तो यदि मंत्रालय के पास आरोग्य सेतु ऐप के विकासकों के बारे में कोई जानकारी नहीं है तो gov.in एक्सटेंशन पर आरोग्य सेतु ऐप के बारे में बताए जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इस ऐप के विकास के लिए कार्य कर चुके सभी योगदानकर्ताओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)

(क) और **(ख) :** जी, नहीं। मंत्रालय के पास आरोग्य सेतु ऐप के विकास में शामिल योगदानकर्ताओं के विषय में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध है। मंत्रालय के पास ऐप के लिए अपना योगदान देने वाले योगदानकर्ताओं के विवरण मौजूद हैं। आरोग्य सेतु ऐप का विकास राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा उद्योग और शिक्षा जगत से वैयक्तिक वॉलेंटियर की भागीदारी में किया गया है।

(ग) : आरोग्य सेतु ऐप का विकास राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा उद्योग और शिक्षा जगत से वैयक्तिक वॉलेंटियर की भागीदारी में किया गया है। ऐप के विविध पक्षों के विकास में अपना योगदान देने वाले व्यक्तियों की सूची पहले ही सार्वजनिक डोमेन में प्रकाशित कर दी गई है। इसे निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:

https://github.com/nic-delhi/Aarogyasetu-Android/blob/master/contributors.mc.

****